# देश की बेटियां आज हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं : बिरला

■ महिला सुरक्षा पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि देश की बेटियां आज शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, सुरक्षा, खेल और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़कर नेतृत्व कर रही हैं। हमें ऐसा संस्कारित समाज बनाना है, जहां बेटियां सुरक्षित रहें, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े और अपनी प्रतिभा के बल पर देश के विकास में योगदान दें। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में देश की बेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

कोटा शहर पुलिस और ब्लू डॉट डॉयलॉग संस्था की ओर से आयोजित महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत सुरक्षा संवाद 2.0 में महिलाओं और छात्राओं से संवाद करते हुए बिरला ने कहा कि महिला सुरक्षा केवल पुलिस या सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। पुलिस और समाज के बीच बेहतर संवाद तथा महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से अपराधों पर प्रभावी रोक लगाने में मदद मिलेगी। जागरूकता बढ़ने और समय पर जानकारी मिलने से अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई संभव होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक और सजग रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोटा देश का प्रमुख शिक्षा केंद्र है, जहां अलग-अलग राज्यों से छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं। ऐसे में शहर में सुरक्षित और परिवार जैसा वातावरण बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कोटा में पढ़ने वाली देश के विभिन्न हिस्सों की बेटियों को सुरक्षित माहौल और अच्छी शिक्षा मिलना पूरे शहर के लिए गर्व की बात है।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा शहर पुलिस और ब्लू डॉट डॉयलॉग संस्था की ओर से आयोजित महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत महिलाओं और छात्राओं से संवाद किया।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि दूर-दराज के क्षेत्रों की बेटियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के समान अवसर मिलें, इसके लिए कोटा-बून्दी की हर पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की अध्ययन सामग्री उपलब्ध होगी। ऑनलाइन कोचिंग और डिजिटल शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी बेहतर तैयारी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्षरता के लिए दादी-नानी की डिजिटल पाठशाला और स्कूलों में बच्चों को प्रारंभिक स्तर से डिजिटल शिक्षा देने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में नारी को शक्ति के रूप में सम्मान दिया गया है। आज महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता और संवाद की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी तरह के दुर्व्यवहार या असहज स्थिति को नजरअंदाज न करें और इसकी तुरंत शिकायत करें।

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि पुलिस द्वारा आयोजित महिला सुरक्षा संवाद एक सार्थक पहल है। इसका उद्देश्य केवल महिला सुरक्षा पर चर्चा करना नहीं, बल्कि हर बेटी को सुरक्षित और हर महिला को सम्मान के साथ जीवन जीने का वातावरण देना है। उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने की आवश्यकता बताई।

लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल सड़क और सार्वजनिक स्थानों तक सीमित नहीं है। कार्यस्थल, घर तथा साइबर अपराध और डिजिटल ब्लैकमेलिंग भी बड़ी चुनौतियां हैं। ऐसे में जागरूकता और संवाद के माध्यम से महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाना जरूरी है। महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में राजस्थान पुलिस महिला सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि बेटियां भय नहीं, बल्कि विश्वास के माहौल में आगे बढ़े, यही पुलिस का प्रयास है। महिलाओं को किसी भी परेशानी या अपराध की स्थिति में संकोच किए बिना पुलिस से संपर्क करना चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त डीजीपी विशाल बंसल, उप महानिरीक्षक पुलिस कुंवर राष्ट्रदीप, जिला कलेक्टर पीयूष समारिया, पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्विनी गौतम, पुलिस अधीक्षक कोटा देहात सुजित शंकर सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में महिलाएं एवं छात्राएं उपस्थित थी।

# विधायक कल्पना देवी ने जगपुरा व रानपुर क्षेत्र में विकास कार्यों का शिलान्यास किया

**कोटा,** (निसं)। लाड़पुरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए सोमवार को लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने रानपुर, जगपुरा एवं आसपास के क्षेत्रों में कुल 10,42,09,000/- की राशि से विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

सर्वप्रथम विधायक लाड़पुरा विधानसभा क्षेत्र में जगपुरा पहुँची जहाँ उन्होने शिक्षा एवं खेल सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने हेतु कुल 28,22,000/- की राशि से कक्षा कक्ष, बरामदा एवं खेल मैदान की बाउंड्रीवाल सहित विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। जिसमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय, जगपुरा में दो कक्षा कक्ष मय बरामदा निर्माण कार्य हेतु 18,22,000/- तथा खेल मैदान पर बाउंड्रीवाल मय मुख्य द्वार निर्माण कार्य हेतु 10,00,000/ के कार्यों का शिलान्यास किया।

इसके पश्चात विधायक रानपुर पहुँची जहाँ विकास कार्यों के अंतर्गत सड़क, नाली, सभा भवन एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य करने हेतु कुल 10,13,00,000/-की राशि से विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शिलान्यास किया। जिसमें रानपुर में विभिन्न स्थानों पर सड़क एवं नाली निर्माण कार्य हेतु 7,95,78,000/- रूपये, रानपुर में सभा भवन निर्माण कार्य हेतु 83,23,000/- रूपये, शांति नगर में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य हेतु 60,66,000/- रूपये, रानपुर में बिरधीलाल रेगर के मकान से पवन मेवाड़ा के मकान तक सड़क निर्माण कार्य हेतु 41,08,000/- रूपये एवं रानपुर में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण कार्य हेतु 33,12,000/- रूपये से विभन्न कार्यों का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि लाडपुरा विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। शिक्षा, खेल एवं आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए आवश्यकतानुसार लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

इन विकास कार्यों से क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकास की इस श्रृंखला को आगे भी निरंतर जारी रखते हुए प्रत्येक क्षेत्र में आवश्यकतानुसार आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। इस दौरान विधायक के साथ भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, स्थानीय नागरिकों सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मादक पदार्थ तस्करी में फरार दो इनामी तस्कर सहित तीन जने गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। ग्रामीण इलाके की इटावा पुलिस टीम ने जिला साइबर सैल के इनपुट पर अवैध मादक पदार्थ तस्करी के प्रकरण में फरार 10 हजार के इनामी आरोपी जगतार सिंह एवं 2 हजार के इनामी आरोपी निर्मल सिंह सहित आरोपी राकेश मेघवाल को गिरफ्तार किया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी पर रोकथाम के लिये जिला स्तर पर ऑपरेशन क्रिमीनल डस्टिंग अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि 10 अगस्त को जिला स्पेशल टीम एवं थाना मोड़क पुलिस जाब्ता द्वारा संयुक्त रुप से दरा गांव में नाकाबंदी की गई थी। पुलिस नाकाबंदी के दौरान दो कार झालावाड़ से कोटा की ओर आती दिखी, पुलिस नाकाबंदी को देखकर एक कार के चालक ने कार को भगाने का प्रयास किया।

पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को डिटेन किया एवं अन्य कार चालक व उसका साथी कार को रोड से साईड में लगाकर भागते हुए नजर आये, जिनका नाकाबंदी जाब्ता द्वारा पीछा किया गया, परन्तु रात्रि में अंधेरा व जंगल एरिया होने का फायदा उठाकर आरोपी भागने में सफल हुए। ग्रामीण एसपी ने बताया कि मौके पर डिटेन किये गये व्यक्ति से पूछताछ की गई तो कोई संतोषप्रद जबाव नहीं मिलने पर टीम ने जब्त दोनों कार की तलाशी ली तो तलाशी के दौरान अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा बरामद किया गया। मोड़क पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट मे मामला दर्ज किया। फरार तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर इटावा थानाधिकारी अजीत सिंह के नेतृत्व में साईबर सैल को शामिल करते हुए विशेष टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम ने मामले में फरार आरोपियों की तलाश के लिये संभावित स्थानों पर दबिश दी गई, फरार आरोपी जगतार सिंह पर 10 हजार एवं निर्मल सिंह पर 2 हजार का इनाम राशि घोषित की गई। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम में साइबर सेल के कांस्टेबल लाखन सिंह को मुखबिर से आरोपी जगतार सिंह एवं निर्मल के बारे में कैथल हरियाणा में होने की सूचना मिली, उक्त सूचना पर गठित टीम द्वारा दबिश देकर आरोपी जिला संगरूर पंजाब के गुरने खुर्द निवासी जगतार सिंह (48), इनामी आरोपी अर्जुन नगर निवासी निर्मल सिंह (36) को कैथल हरियाणा से डिटेन किया गया एवं अन्य आरोपी राकेश मेघवाल को नीमच मध्यप्रदेश से डिटेन कर प्रकरण में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**आम सूचना**

श्रीमती निर्मला राठौर पत्नी श्री दिलीप कुमार, निवासी मकान नं. 67, अजय आहूजा नगर, कोटा (राज.) का एक मकान नं. 67, अजय आहूजा नगर, कोटा (राज.) में स्थित है, जिन्होंने यूको बैंक, कोटा में उक्त मकान के दस्तावेजों को साम्यक् बंधक रख ऋण हेतु आवेदन किया है। उक्त मकान का असल आवंटन पत्र कमांक 292 दिनांक 02.04.02, जो कि नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा श्री मांगीलाल पुत्र श्री प्यारा ओढ़ के पक्ष में जारी किया गया था, जो कि असल उपलब्ध नहीं है एवं गुम हो जाना बताया गया है। अगर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त असल आवंटन पत्र के संदर्भ में किसी प्रकार की आपत्ति या एतराज हो तो वह सूचना प्रकाशन के 05 दिवस की अवधि में मुझे अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर दें, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

कोटा

दिनांक 4.7.26

भवदीय

**महेश भण्डारी एडवोकेट**

29, राजविला, आदर्श नगर, कोटा

मो. 9414309500

## दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**रामगंजमंडी,** (निसं)। मोड़क थाना अंतर्गत मोड़क पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए थाना मोड़क के दुष्कर्म के प्रकरण में वांछित मुल्जिम जय कुमार पुत्र रामनारायण जाति लोधा उम्र 43 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 3 मस्जिद चौक बड़ोदिया कला थाना चेचट जिला कोटा को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की। फरियादिया के द्वारा आरोपी जय कुमार के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के संबंध मे रिपोर्ट प्राप्त होने पर पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना मोड़क पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

# सफाई कर्मचारियों की हाजिरी में फर्जीवाड़े का आरोप

**रामगंजमंडी,** (निसं)। नगर पालिका रामगंजमंडी में स्थायी एवं ठेका कर्मचारियों की उपस्थिति और वेतन भुगतान को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नगरपालिका कर्मचारी संघ ने प्रशासक को ज्ञापन सौंपकर सफाई कर्मचारियों की हाजिरी में कथित फर्जीवाड़े की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

संघ अध्यक्ष सुरेश नरवाला ने आरोप लगाया कि स्वायत्त शासन विभाग के बार-बार निर्देशों के बावजूद कई कर्मचारियों से उनके मूल पद के विपरीत काम लिया जा रहा है। वहीं कुछ स्थायी कर्मचारियों को काम के बंटवारे की सूची में अनुपस्थित दर्शाने के बावजूद भुगतान के समय उनकी पूरी उपस्थिति दर्ज कर वेतन भुगतान किए जाने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कार्यालय एवं फायर शाखा में कार्यरत ठेका कर्मचारियों की उपस्थिति में भी अनियमितताएं हैं। संघ का दावा है कि कुछ कर्मचारी नियमित रूप से अनुपस्थित रहने के बावजूद उनकी पूरी हाजिरी लगाकर हर माह पूरा भुगतान कराया जा रहा है। इसी तरह ठेका सफाई कर्मचारियों की हाजिरी में भी कथित गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। कर्मचारी संघ ने सफाई शाखा के प्रभारी फायरमैन हरिओम मेघवाल पर इन अनियमितताओं का मुख्य जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है।

ज्ञापन में कहा गया कि उन्हें सफाई के साथ फायर शाखा की जिम्मेदारी भी दी गई है। संघ का यह भी आरोप है कि जिला कलक्टर की निरीक्षण रिपोर्ट में हरिओम मेघवाल को उनके मूल पद पर लगाने के निर्देश दिए जा चुके हैं, इसके बावजूद उन्हें मूल पद पर नहीं भेजा गया। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो कर्मचारी संघ आगे आंदोलन का रास्ता अपना सकता है।

## लहरिया उत्सव हर्षोल्लास से मनाया

**बूंदी** (निसं)। श्रावण और भाद्रपद मास के सांस्कृतिक उल्लास के बीच मां हिंगलाज मंदिर प्रांगण में सालवी समाज महिला मंडल द्वारा लहरिया उत्सव बड़े ही धूमधाम और भक्तिभाव के साथ आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पूरा परिसर राजस्थानी संस्कृति, लोकगीतों और पारम्परिक परिधानों के रंगों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत मां हिंगलाज के चरणों में दीप प्रज्ज्वलन और विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई। उपस्थित श्रद्धालुओं व महिला मण्डल ने माता रानी के दरबार में शीश नवाकर क्षेत्र में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। साल्वी समाज की महिलाऐं उत्सव में विशेष रूप से महिलाएं और युवतियां पारंपरिक राजस्थानी लहरिया पोशाक पहन कर पहुंचीं, जिससे पूरा प्रांगण सतरंगी छटा से महक उठा। माता के भजनों के साथ-साथ पारंपरिक सावन के गीतों और मल्हारों ने कार्यक्रम में भक्ति के साथ-साथ सांस्कृतिक उमंग घोल दी।

# राष्ट्रीय ध्वज का अपमान, पुलिस जांच में जुटी

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा थाना इलाके में दो शरारती तत्वों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का मामला सामने आया है।

मामले में दो युवकों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को लाईटर से जलाने का वीडियो सामने आने पर व्यापारियों ने इसकी शिकायत गुमानपुरा थाने में दी और कार्यवाही की मांग की।

पुलिस ने व्यापारियों की शिकायत व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी। गुमानपुरा थानाधिकारी सुनील कुमार सिसोदिया ने बताया कि व्यापारियों ने शिकायत दी है कि गुमानपुरा इलाके के शॉपिंग सेन्टर स्थित सेंट्रल स्क्वायर मॉल में दो युवक लिफ्ट से नीचे आये, उन पर आरोप है कि दोनों ने पहले लिफ्ट में लाईटर से कुछ जलाने का प्रयास किया एवं बाद में मॉल परिसर में लगे राष्ट्रीय ध्वज को आग लगा दी।

थानाधिकारी ने बताया कि व्यापारियों की शिकायत पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटैज के आधार पर दोनों युवकों की तलाश की जा रही है।

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/1056 **विज्ञप्ति** दिनांक : 11.8.2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम तेखडा खसरा नं. 8 में स्थित कृषि भूमि योजना अक्षरधाम भूखण्ड संख्या ए-108 आवेदक/आवेदिका श्री विमल कुमार जैन पुत्र श्री हेमराज जैन निवासी म.नं. 49 गायत्री विहार द्वितीय, बोरखेडा कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 23 दिनांक 06.05.2014 को सरोज शर्मा पत्नि स्व. श्री रामनिवास शर्मा के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये नोटेरीशुद्धा मुख्तारआम दिनांक 26.12.2024 से श्री मोहम्मद परवेज पुत्र श्री मुशताक अहमद को नियुक्त किया गया है। मुख्तारआम द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 19.09.2025 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री विमल कुमार जैन पुत्र श्री हेगराज जैन के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कार्यालय नगर निगम, कोटा (राज.)**

क्रमांक-ननिको/भ.नि.अनु. जोन 3 व 4/2026/ दिनांक-

**भू-उपयोग परिवर्तन बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीता पालीवाल पत्नी स्व. श्री वैभव पालीवाल निवासी- 2-ज-8 दादाबाड़ी कोटा (राज.) द्वारा भूखण्ड संख्या 2-क-34, विज्ञान नगर, कोटा क्षेत्रफल 324 वर्गमीटर का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण राजस्थान आवास मण्डल कोटा वृत कोटा के कार्यालय आदेश क्रमांक 944 दिनांक 01.06.2022 से श्रीमती नीता पालीवाल पत्नी स्व. श्री वैभव पालीवाल के नाम नामहस्तांतरण किया गया है। आवेदित भूखण्ड का भू उपयोग कोटा शहर के अनुमोदित मास्टर / जोनल प्लान व प्रचलित नियमों के दृष्टिगत मिश्रित प्रयोजनार्थ निर्धारित है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा में उक्त भूखण्ड 2-क-34, विज्ञान नगर, कोटा क्षेत्रफल 324 वर्गमीटर का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही की जा रही है।

अतः उपरोक्तानुसार भूखण्ड के आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन बाबत किसी व्यक्ति / संस्था आदि या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता हो, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस की अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा कार्यालय में प्रस्तुत करे। मियाद आपत्ति मान्य नही होगी।

**उपायुक्त नगर निगम, कोटा**

## 'हर नारी सम्मान की अधिकारी' की थीम पर कार्यक्रम

**कोटा,** (निसं)। आरसीएम कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित स्पेशल वूमेन्स एकेडमी 2026 का भव्य आयोजन हुआ। हर नारी सम्मान की अधिकारी की थीम पर आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में देशभर से महिला एसोसिएट बॉयर्स और लीडर्स ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने के साथ स्वास्थ्य, नेतृत्व, आत्मविश्वास, खेल भावना और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना रहा। स्वतंत्रता दिवस पर समारोह की शुरूआत पथ संचलन और ध्वजारोहण से हुई, बच्चियों की प्रस्तुति और देशभर की विविध संस्कृतियों को दर्शाती प्रस्तुतियाँ आकर्षण रही। आरसीएम के संस्थापक टी.सी. छाबड़ा और मैनेजिंग डायरेक्टर प्रियंका अग्रवाल ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया।

## ट्रेन में मिला रूपयों से भरा बैग यात्री को सुरक्षित लौटाया

**कोटा,** (निसं)। ट्रेन में यात्रा के दौरान जल्दबाजी में एक यात्री का रूपयों व जरूरी दस्तावेजो का भरा बैग ट्रेन में छूट गया। मामले में सामने आया कि गाड़ी संख्या 12402 नन्दादेवी एक्सप्रेस के कोच संख्या ए-3 की सीट संख्या 05 पर एक लावारिस बैग पड़े होने की सूचना मिली, जिस पर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने सतर्कता और तत्परता दिखाते हुए ट्रेन में छूटे बैग को बरामद कर सुरक्षित यात्री को लौटाया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि उपनिरीक्षक सूरज सिंह परमार मय स्टाफ कोटा स्टेशन पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गाड़ी संख्या 12402 नन्दादेवी एक्सप्रेस के कोटा आगमन पर ड्यूटी पर तैनात यात्रा टिकट परीक्षक मदन मोहन राजपूत ने कोच संख्या ए-3 की सीट संख्या 05 पर एक लावारिस बैग पड़े होने की सूचना दी। सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने तुरंत कोच में पहुंचकर बैग को अपने कब्जे में लिया।

यात्रा टिकट परीक्षक की मौजूदगी में बैग की जांच की गई तो उसमें 64,000 रुपये नकद, एक आधार कार्ड, एक वोटर आईडी, दवाईयां और 8 जीबी की एक पेन ड्राइव मिली। बैग में रखे सामान की कुल कीमत करीब 65,000 रुपये थी। कोच में यात्रियों से पूछताछ के बावजूद जब बैग के मालिक का पता नहीं चला, तो उसे सुरक्षित रूप से रेलवे सुरक्षा बल कोटा पोस्ट पर जमा करा दिया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि नई दिल्ली निवासी पियुष गुप्ता रेलवे सुरक्षा बल कोटा पोस्ट पहुंचे और उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 12402 के ए-3 कोच में उनका बैग भूलवश छूट गया है। आरपीएफ पुलिस ने आवश्यक सत्यापन के बाद गवाहों की मौजूदगी में बैग की पहचान की गई और उसे यात्री को सुपुर्द कर दिया गया।

# महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**कोटा,** (निसं)। सावन माह के चलते गेपरनाथ महादेव मंदिर में भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। सावन के तीसरे सोमवार को सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही। भक्तों ने भगवान महादेव का जलाभिषेक कर धतूरा, बेलपत्र, ऋतु फल और मिष्ठान का भोग अर्पित किया। मंदिर परिसर में दिनभर भक्ति और आस्था का माहौल रहा। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची कांवड़ यात्राओं का भी स्वागत किया गया। मंदिर समिति की ओर से कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा की गई और उनके लिए शीतल जल व प्रसाद की व्यवस्था की गई। गेपरनाथ महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार गर्ग ने बताया कि सावन माह में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। सोमवार को श्रद्धालुओं की संख्या और अधिक रहती है।

# दीगोद में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

**दीगोद,** (निसं)। पीपल्दा विधानसभा क्षेत्र के पीड़ित किसानों ने विधायक चेतन पटेल कोलाना के नेतृत्व में अपने हक और और अधिकारों की रक्षा के लिए आयोजित आंदोलन को किसान न्याय क्रान्ति का नाम दिया, जिसके तहत ट्रैक्टर रैली निकालकर दीगोद उपखण्ड अधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया।

क्षेत्र में लंबे समय से खाद की किल्लत, जबरन अटैचमेंट, स्मार्ट मीटर धांधली, फसल बीमा क्लेम, इटावा मंडी के 102 किसानों का बकाया 146 लाख रूपये का भुगतान, तारबंदी व कृषि यंत्र सब्सिडी, कैटलशेड व शौचालय भुगतान और नरेगा श्रमिकों के बकाएं को लेकर ठगा सा महसूस कर रहें किसानों का आक्रोश 17 अगस्त को सड़कों पर फूट पड़ा। इस आंदोलन में विधायक चेतन पटेल कोलाना सहित कांग्रेस पार्टी के जनप्रतिनिधि, नेतागण, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अनेक पीडित किसान शामिल हुए। इस आंदोलन की सबसे खास बात यह भी रही कि कांगेस के साथ- साथ इसमें अखिल भारतीय किसान महासभा संगठन के जिलाध्यक्ष रामप्रसाद परालिया सहित संगठन के तमाम किसान भी कंधे से कंधा मिलाकर किसान न्याय क्रान्ति में शामिल हुए।

सुबह 11 बजे गावं कोलाना से आंदोलन का आगाज हुआ, जिसमें इटावा खातौली सहित पूरे पीपल्दा विधानसभा क्षेत्र के दूर दूर से आए किसानों का अपार हुजूम, मोटरसाईकिल का काफिला और ट्रेक्टरो की कई किलोमीटर लंबी कतारें देखने को मिली। रैली जब दीगोद उपखण्ड कार्यालय पहुंची तो चारों तरफ ट्रैक्टर ही ट्रैक्टर नजर आने लगे।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस जाब्ता तैनात था और मौके पर संयुक्त निदेशक (कृषि) कोटा, प्रबंध निदेशक (केन्द्रीय सहकारी बैंक) कोटा, उप रजिस्ट्रार (सहकारीता) कोटा, उपखण्ड अधिकारी दीगोद व इटावा, विकास अधिकारी सुल्तानपुर व इटावा तथा अधिशाषी अभियंता (बिजली विभाग) कोटा ग्रामीण सहित समस्त प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहें।

परिसर में गूंजती जोरदार नारेबाजी के बीच सबसे प्रमुख मुद्दा खाद पर जबरन अटैचमेंट का उठा; किसानों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि पूर्व में प्रशासन द्वारा केवल मौखिक आश्वासन दिए गए जिन पर लगातार वादाखिलाफी होती रही है इसलिए इस बार केवल आश्वासन नहीं बल्कि जवाबदेही तय करनी होगी। किसानों ने सवाल उठाया कि जब सरकार व रसद विभाग द्वारा डीएपी व यूरिया भेजा जा रहा है और अटैचमेंट लगाना नियमों के विरूद्ध है तो फिर समितियों व डीलरों द्वारा जबरन अटैचमंट क्यों दिया जा रहा है किसानों ने सख्त रुख अपनाते हुए शर्त रखी कि पहले प्रशासन यह घोषणा करें कि किसी भी सहकारी समिति या डीलर पर अटैचमेन्ट नही दिया जाएगा और यदि वादाखिलाफी होती है तो किस संबंधित अधिकारी की प्रत्यक्ष जवाबदेही तय कर उस पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

आक्रोशित किसानों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक प्रशासन खाद के साथ जबरन अटैचमेंट की रोकथाम और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही की सार्वजनिक घोषणा नहीं करता तब तक किसानों कि अन्य मांगों पर कोई वार्ता शुरू नहीं की जाएगी एवं किसान अपनी मांगों को लेकर घेराव स्थल दिगोद से किसानो कि ट्रेक्टर रैली कोटा कलेक्ट्रेट की आ तरफ कूच करेंगी।

किसानों के आक्रोश के आगे झुकते हुए प्रशासन ने मौके पर ही घोषणा की कि पीपल्दा क्षेत्र में कही भी डीएपी व यूरिया के साथ जबरन अटैचमेन्ट नही दिया जाएगा तय सरकारी रेट पर ही खाद मिलेगी तथा कालाबाजारी रोकने हेतु प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है इस मुख्य मांग पर सहमति के बाद, किसानो की अन्य सभी लंबित मांगो पर भी अधिकारियों के साथ सकारात्मक चर्चा हुई और तय समय-सीमा में समस्याओं के निस्तारण का ठोस प्रशासनिक आश्वासन दिया गया।

**कोटा विश्वविद्यालय, कोटा**

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा

**निविदा सूचना संख्या-16/2026-27**

विश्वविद्यालय द्वारा "Supply of Furniture from MSME enterprise for the University Departments/Sections under RUSA 2.0 Scheme and University Fund" हेतु अनुभवी एवं प्रतिष्ठित निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में अनुमानित लागत रु. 37.00 लाख की ई-निविदा दिनांक 31.08.2026 को दोपहर 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र एवं शर्तो आदि का विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in और University Website www.uok.ac.in पर उपलब्ध है।

(मुरलीधर प्रतिहार)

UBN:-UOK2627GLOB00017 कुलसचिव

**कार्यालय उप वन संरक्षक, झालावाड़**

Tel Fax No-07432-232230 Email Id-dcfjhalawar1967@gmail.com

क्रमांक एफ () वनउपज/उवसं/2026-27/9498 दिनांक:- 12.08.26

**विज्ञप्ति नीलामी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस वन मण्डल के अधिनस्थ ठेकेजात ठेका फसल बीड़घास, शहद मोम एवं अन्य लघु वनउपज के ठेके वर्ष 2026-27 के लिये निम्न तालिका के अनुसार उनके सामने अंकित तिथियों में दिन के 1:00 बजे पुकरवाया जावेगा।

अतः जिस किसी सज्जन को बोली लगानी हो वे स्वयं नीलामी में उपस्थित होकर बोली लगाये। बोली डाक एवं तार द्वारा स्वीकार नहीं की जावेगी। नीलामी की शर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है:-

| क्र.सं. | नाम रेंज | नीलाम का स्थान | नीलाम की दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | डग | रेंज कार्यालय, डग | 17.08.2026 (सोमवार) |
| 2 | असनावर | रेंज कार्यालय, असनावर | 18.08.2026 (मंगलवार) |
| 3 | मनोहरथाना | रेंज कार्यालय, मनोहरथाना | 19.08.2026 (बुधवार) |
| 4 | खानपुर | रेंज कार्यालय, खानपुर | 20.08.2026 (गुरूवार) |
| 5 | अकलेरा | रेंज कार्यालय, अकलेरा | 21.08.2026 (शुक्रवार) |
| 6 | बकानी | रेंज कार्यालय, बकानी | 22.08.2026 (शनिवार) |
| 7 | पिड़ावा | रेंज कार्यालय, पिड़ावा | 24.08.2026 (सोमवार) |
| 8 | झालावाड़ | रेंज कार्यालय, झालावाड़ | 25.08.2026 (मंगलवार) |

**उप वन संरक्षक झालावाड़**

**राजस्थान आवासन मण्डल**

हमारा प्रयास, सबको आवास

**गोपालपुरा आवासीय योजना, बारां**

हमारा प्रयास, सबको आवास

(विशिष्ट पंजीकरण योजना-2026)

(रेरा पंजीकरण संख्या RAJ/P/2026/5095)

RERA Website: www.rera.rajasthan.gov.in

**आवेदन अवधि : 16 सितम्बर 2026 तक**

आवासों का विवरण

| आय वर्ग | अनुमानित संख्या | अनुमानित कुल क्षेत्रफल (वर्ग मी. में) | अनुमानित निर्मित क्षेत्रफल (वर्ग मी. में) | अनु. लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| आर्थिक कमजोर आय वर्ग | 174 | 5x11 = 55 | 38.79 | 16.50 |
| अल्प आय वर्ग | 103 | 6x12 = 72 | 46.33 | 19.85 |
| मध्यम आय वर्ग - अ | 87 | 6x15 = 90 | 63.50 | 28.35 |
| मध्यम आय वर्ग -ब | 80 | 8x18 =144 | 102.65 | 40.10 |
| उच्च आय वर्ग | 53 | 10.50x21 = 220.50 | 144.71 | 61 |
| योग | 497 | | | |

वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्तों के लिए QR कोड स्कैन करें

हेल्पलाइन नं. कार्यालय समय में: 0141-2744688, 2740009, कार्यालय समय उपरान्तः 9461054291/92/319 एवं 6376868696, 9460254319

आवेदन केवल ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से

आवासन आयुक्त